पेज थ्री देहरादून

मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगणों ने मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह को दी शुभकामना।



हमारा दून

देहरादून बृहस्पतिवार 30 जुलाई 2020

पेज 8


## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने वरिष्ठ पत्रकार की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक युगवाणी संजय कोठियाल की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### अभी भी नहीं चेता नगर निगमः यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के महानगर गध्यक्ष सुनील ध्यानी ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी दिन प्रतिदिन भयावह रूप ले रही है। देहरादून में लगातार कोरोना मरीजो की संख्या में इजाफा होता जा रहा है, लेकिन देहरादून शहर के अंतर्गत नगर निगम प्रशासन अभी तक चेता नही है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि करोड़ो रूपया कोरोना बजट आया हुआ है लेकिन अभी तक देहरादून के बहुत से वार्डो में सेनेटाइजर नही हुआ है।

### डा. निशंक के आवास का घेराव 31 को

**संवाददाता** देहरादून। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी ने कहा है कि लंबे समय से छात्र छात्राओं को प्रमोट करने की मांग कर रही है, देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 15 लाख पार कर चुकी है ऐसे में परीक्षाएं करवाना छात्र छात्राओं के जीवन के साथ खिलवाड़ है। विरोध में 31 जुलाई को डा. रमेश पोखरियाल निशंक के आवास का घेराव किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर एनएसयूआई उत्तराखंड 31 जुलाई को अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को भी प्रमोट करने की मांग को लेकर एचआरडी मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक के आवास का घेराव करेगी।

### पेज प्रथम का शेष...

विभागों में होने वाली पदोन्नति को लेकर बड़ा लिया फैसला

रेरा का वार्षिक प्रतिवेदन विधानसभा में पेश करने को मंजूरी। राजधानी में कई पेट्रोल पंप को अनुमति देने को लेकर कैबिनेट में चर्चा, नौ लोगों को सड़कों के गेप के बाद मिल सकेगी अनुमति। अनुसूचित जाति के छात्रों को लेकर बनाई गई कमेटी। रकारी–गैर सरकारी स्कूल की फीस में आ रहे गतिरोध को लेकर मंत्री मदन कौशिक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन। मंत्री यशपाल आर्य और मंत्री धन सिंह रावत सदस्य। उत्तराखंड राज्य विश्वविद्यालय अध्यादेश 2020 को मंजूरी, सरकार सरकारी यूनिवर्सिटी को लेकर आई अंब्रेला एक्ट। उत्तराखंड में शराब हो सकती है सस्ती, मदिरा विनिर्माता के उत्तराखंड में मदिरा सप्लाई पर कैबिनेट में चर्चा, माल के मूल्य का दो प्रतिशत लेने को कैबिनेट की मंजूरी।

# दून–नई टिहरी–श्रीनगर–गौचर हैली सेवा का आनलाईन शुभारम्भ

■ केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने किया आनलाईन शुभारम्भ

■ आरसीएस उड़ान योजना के अन्तर्गत शुरू हुई हैली सेवा

**शुभारम्भ**

**संवाददाता**



देहरादून। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी एवं मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को आरसीएस उड़ान योजना के अन्तर्गत देहरादून नई टिहरी–श्रीनगर–गौचर हैली सेवा का आनलाईन शुभारम्भ किया। यह सेवा पवन हंस लि. द्वारा दी जा रही है। इस सेवा के शुभारम्भ के अवसर पर कर्णप्रयाग विधायक सुरेन्द्र सिंह नेगी, राजकुमार, विनय कण्डवाल, मनवीर नेगी एवं जगमोहन ने हवाई यात्रा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उड़ान योजना के अन्तर्गत जो हेली सेवाएं चलाई जा रही हैं, स्थानीय लोगों द्वारा इसे काफी पंसद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात कि इस पवन हंस लि. की यह सेवा प्रति सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को चालू रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उड़ान योजना से देहरादून, देश के दर्जनों शहरों से एयर कनेक्टिविटी से जुड़ा है। हिण्डन,गाजियाबाद से पिथौरागढ़ के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू की गई है। प्रदेश में 27 हेलीपोर्ट विकसित किये गये है। क्षेत्रीय सम्पर्क योजना में देहरादून को पंतनगर, पिथौरागढ़ चिन्यालीसौड़ और गौचर से जोड़ा गया है। पंतनगर हवाई अड्डे को ग्रीन फील्ड के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी से अनुरोध किया कि हल्द्वानी–अल्मोड़ा–धारचूला हेतु भी मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को सेवा प्रारम्भ की जानी है। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत गुप्तकाशी एवं बड़कोट में भी हेली सेवाएं प्रारम्भ किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर्षिल के लिए भी हेली सेवा शुरू हो, इससे गंगोत्री जाने वाले यात्रियों के लिए सुविधा होगी। हर्षिल का प्राकृतिक सौन्दर्य पर्यटकों को आकर्षित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के मानक जटिल हैं। उत्तराखण्ड की परिस्थितियों के दृष्टिगत सिविल एविएशन सिक्योरिटी के मानकों में परिवर्तन के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक बोझ भी कम होगा।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सचिव नागरिक उड्यन, भारत सरकार प्रदीप सिंह खरोला,सीएमडी पवन हंस लि. संजीव राजदान, सचिव दिलीप जावलकर, मुख्यमंत्री के उड्डयन सलाहकार दीप श्रीवास्तव, यूकाडा की सीईओ सोनिका,



### केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उड़ान योजना के अन्तर्गत देहरादून–नई टिहरी–श्रीनगर–गौचर हवाई सेवा शुरू होने पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने उड़ान सेवा के अन्तर्गत जिन नये यात्रा मार्गों के लिए हेली सेवा शुरू करने के लिए सुझाव दिया गया है। उस पर जल्द ही मुख्यमंत्री से बैठक कर चर्चा कर निर्णय लिया जायेगा। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के मानकों के बारे अधिकारियों के साथ चर्चा कर नियमानुसार उचित समाधान किया जायेगा।

पवनहंस लि. के राजीव अग्निहोत्री, रमेश के. आदि उपस्थित थे।

# पंख फैला फलक पर परवाज भरना वह अच्छी तरह जानती है

**परचम**

■ इंटरमीडिएट में ब्यूटी वत्सल ने उत्तराखंड टॉप किया

देहरादून। **संवाददाता**



खुद को साबित करती बेटियों और समाज की लगातार बदलती सोच का असर लड़कियों की शिक्षा पर दिख रहा है। स्कूलों से कॉलेजों तक लड़कियां अपना दबदबा कायम कर रही हैं। यही दबदबा उत्तराखंड बोर्ड के परीक्षा परिणाम में भी दिखाई दिया। लड़कियों ने हर बार की तहत इस बार भी रिजल्ट में कामयाबी के झंडे गाड़े हैं। हाईस्कूल और इंटर के परिणाम में वह लड़कों से कई आगे हैं। इंटरमीडिएट में ब्यूटी वत्सल ने उत्तराखंड टॉप किया है।

हाईस्कूल–इंटर के रिजल्ट में लड़कियां लड़कों पर भारी पड़ी हैं। इंटर में लड़कियों का पास प्रतिशत 83.63 है, जबकि लड़कों का 76.68 प्रतिशत। हाईस्कूल में 82.65 छात्राएं जबकि 71.39 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। लड़कियों के पास प्रतिशत के बूते ही औसत में सुधार दिखा है। वरियता सूची में लड़कियों का वर्चस्व दिखा है। इंटर में उधम सिंहनगर की ब्यूटी वत्सल टॉपर बनी। अपनी सफलता से बेटियों ने यह दिखा दिया कि उन्हें बस मौका चाहिये। पंख फैला फलक पर परवाज भरना वह अच्छी तरह जानती हैं।

**इंटरमीडिएट में प्रियंका रही पिथौरागढ़ टॉपर:** पिथौरागढ़ जिले में इंटर में राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बेरीनाग की प्रियंका पांडेय जिला टॉपर रही हैं। उन्होंने 92.80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में 14वीं रैंक हासिल की है। हाईस्कूल में ग्लोरियस इंटर कालेज डीडीहाट का लक्ष्य बिष्ट 97.60 प्रतिशत अंको के साथ जिला टॉपर हैं। साथ ही प्रदेश में तीसरे स्थान पर हैं। इसके साथ ही हिमालय पब्लिक स्कूल की पल्लवी ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में छठी रैंक हासिल की है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने सफलता हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को दी शुभकामनायें

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने उत्तराखंड बोर्ड की कक्षा 12वीं एवं 10वीं के परिणामों में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि वे इसी तरह पूरी लगन और मेहनत से निरन्तर आगे बढ़ते रहें तथा अपने घर–परिवार, प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित करें। विधानसभा अध्यक्ष ने इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान पर जसपुर की ब्यूटी वत्सल, द्वितीय स्थान पर नैनीताल के युगल जोशी, तीसरे स्थान पर ऋषिकेश के राहुल यादव सहित हाई स्कूल परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान पर टिहरी के गौरव सकलानी, दूसरे स्थान पर काशीपुर की जिज्ञासा एवं तीसरे स्थान पर पौड़ी की शिवानी रावत सहित सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।